NATIONAL TESTING AGENCY

Excellence in Assessment

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2021 [नीट (यूजी) 2021]-

सार्वजनिक सूचना

13 जुलाई 2021

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा [नीट (यूजी)]–2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने से संबंधित...

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, सभी चिकित्सा संस्थानों के स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों की सभी सीटों पर प्रवेश हेतु **नीट (यू जी)** –2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित कर रहा है।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 की धारा 14 के अनुसार, नीट (यूजी) को किसी भी अन्य प्रचलित कानून के तहत शासित संस्थानों के साथ–साथ सभी चिकित्सा संस्थानों के स्नातक चिकित्सा शिक्षा में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा - (NEET) को समान एवं समरूप की तर्ज़ पर आयोजित किया जाना है।

नीट (यूजी)-2021 **13 भाषाओं** (अंग्रेजी, हिंदी, असमी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू) में आयोजित किया जाएगा।

नीट (यूजी)-2021 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी के आंकड़ो को शीघ्र भरवाने के उद्देश्य से आवेदन पत्र को दो चरणों में विभाजित किया जा रहा है। प्रथम चरण की सूचना को, ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि से पहले भरना होगा। तथा द्वितीय चरण की जानकारी को परिणाम घोषित होने से पहले/स्कोर कार्ड डाउनलोड करने से पूर्व भरना होगा, जिसकी समयावधि की सूचना NEET(UG)के पोर्टल पर बता दी जाएगी। सभी अभ्यर्थी समयानुसार, आवेदन पत्र की जानकारी के प्रत्येक चरण को भरेंगे। किसी भी चरण की जानकारी के अभाव में अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। आपके संदर्भ हेतु, भरे जाने वाले प्रत्येक चरण के कॉलम, अनुलग्नक-XVII के रूप में, सूचना विवरणिका में उपलब्ध हैं।

नीट (यूजी)-2021 में, 180 बहुविकल्पीय प्रश्नों वाला एक प्रश्न पत्र होगा जिसमें भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान(वनस्पति विज्ञान,प्राणी शास्त्र) से संबंधित प्रश्न होंगे। परीक्षा गतिविधियों की अनुसूची इस प्रकार है:

आवेदन पत्र का ऑनलाइन सबमिशन	**13 जुलाई 2021 से 6 अगस्त 2021 तक (रात 11:50 बजे तक)**
क्रेडिट / डेबिट कार्ड / नेट-बैंकिंग / यूपीआई / पेटीएम के माध्यम से शुल्क के सफल लेनदेन की अंतिम तिथि	**7 अगस्त 2021 (रात 11:50 बजे तक)**
केवल वेबसाइट पर आवेदन फॉर्म के विवरणों में सुधार	**8 अगस्त 2021 से 12 अगस्त 2021 तक**
परीक्षा के शहर की घोषणा	**20 अगस्त 2021**
एनटीए की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करना	**परीक्षा से 3 दिन पहले जारी किया जाएगा**
परीक्षा की तिथि	**12 सितम्बर 2021 (रविवार)**
परीक्षा की अवधि	**180 मिनट (03 घंटे)**
परीक्षा का समय	**दोपहर 02:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक**
नीट(यूजी)-2021 परीक्षा के केंद्र, तिथि और पाली में बदलाव	**प्रवेश पत्र पर दर्शाए अनुसार**
दर्ज़ किए गए जवाबों और उत्तर कुंजी का प्रदर्शन	**वेबसाइट पर बाद में घोषित की जाएगी**
वेबसाइट	**www.nta.ac.in , https://neet.nta.nic.in/**
एनटीए वेबसाइट पर परिणाम की घोषणा	**वेबसाइट पर बाद में घोषित**

**अन्य पिछड़ा वर्ग) भारत सरकार की वेबसाइट-एनसीबीसी) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग - (ओबीसी)www.ncbc.nic.in) पर उपलब्ध अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची के अनुसार।*

परीक्षा, पाठ्यक्रम, परीक्षा का प्रारूप, उपस्थित/प्रवेश का पात्रता मानदंड, आयु, आरक्षण, सीटों का वर्गीकरण, परीक्षा शुल्क, परीक्षा के शहर, परीक्षा के राज्य कोड, आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://neet.nta.nic.in/ पर उपलब्ध सूचना विज्ञप्ति में मौजूद है।

अभ्यर्थियों को, अद्यतन जानकारी हेतु एनटीए की आधिकारिक वेबसाइटों को,)www.nta.ac.in) और (https://neet.nta.nic.in/) को देखने का सुझाव दिया जाता है। नीट (यूजी)-2021 से संबंधित अधिक स्पष्टता हेतु अभ्यर्थी 011-40759000 पर संपर्क कर सकते हैं या neet@nta.ac.in पर ईमेल कर सकते हैं।

Vparasher

डॉ० साधना पाराशर

वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा)